दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-150
मुरादाबाद
(Friday)
20 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## कटरा रैली में PM का बड़ा बयान, बोले- दुनिया की कोई ताकत 370 वापस नहीं ला सकती



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए वीरवार को जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। श्रीनगर और कटरा में रैली की। पीएम मोदी ने कटरा रैली में कहा कि मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है। हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती। कटरा रैली में पीएम ने पुराने कश्मीर को याद करते हुए कहा कि एक दौर था, जब लाल चौक पर आना, यहां तिरंगा फहराना। जान जोखिम में डालने वाला काम था। बरसों तक यहां लोग लाल चौक पर आने से डरते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। श्रीनगर के बाजारों में अब ईद और दीवाली दोनों की रौनक देखने को मिलती है। अब लाल चौक बाजार में देर शाम तक चहल-पहल रहती है। मां के इस पावन धाम से मैं आपको एक और बात के लिए फिर से आश्वस्त करता हूं। जम्मू कश्मीर को हम फिर से राज्य बनाएंगे। हमने इसकी घोषणा संसद में ही कर दी थी। कटरा रैली में पीएम मोदी ने 370 को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती। मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है। हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। आगे कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35 को लेकर कांग्रेस और एनसी का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का एजेंडा है यानी कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस की पोल खुद पाकिस्तान ने खोल दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित को श्रद्धांजलि दी। जिनका आज सुबह निधन हो गया था। पंडित, जो 2009 में जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे,। उनका कैंसर के इलाज के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया रैली के दौरान पीएम मोदी बोले कि रियासी और उधमपुर के साथ कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने कैसा सौतेला व्यवहार किया है, ये आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। अटल जी की सरकार के समय चिनाब ब्रिज स्वीकृत हुआ था, लेकिन कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस ने इसकी फाइल को दबा दिया। आपने मोदी को, भाजपा को ये काम सौंपा आज ये शानदार पुल सुविधा के साथ साथ आकर्षण का भी केंद्र बना हुआ है।जम्मू में रैली के दौरान पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता ने डोगरा विरासत पर ये हमला जानबूझकर किया है। ये मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत का सामान बेचने की उनकी पुरानी नीति है। इनको वोटबैंक के अलावा कुछ नहीं दिखाई देता। रियासी और उधमपुर के साथ कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने कैसा सौतेला व्यवहार किया है, ये आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। अटल जी की सरकार के समय चिनाब ब्रिज स्वीकृत हुआ था, लेकिन कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस ने इसकी फाइल को दबा दिया। आपने मोदी को, भाजपा को ये काम सौंपा आज ये शानदार पुल सुविधा के साथ साथ आकर्षण का भी केंद्र बना हुआ है। कटरा रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के वारिस ने हाल ही में विदेश जाकर क्या कहा है, वो आपने भी सुना होगा। वो कहते हैं- %हमारे देवी-देवता भगवान नहीं हैं।% हिंदू धर्म में गांव-गांव में देवी-देवताओं को पूजने की परंपरा है। हम ईस्ट देवों को मानने वाले लोग हैं और कांग्रेस वाले कहते हैं कि देवता भगवान नहीं होते। क्या आप इस बात से सहमत हैं? क्या ये हमारे देवी देवताओं का अपमान नहीं है? आगे कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार, देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। ये परिवार, भारत में भ्रष्टाचार की कुरीति का जन्मदाता है, उसका पोषक है। इनकी हिम्मत देखिए... ये डोगरों की धरती पर आकर, यहां के राज परिवार को भ्रष्ट कहते हैं।कटरा रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर निशाना साधा और उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेंगे। ये चुनाव कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन परिवारों की राजनीतिक विरासत को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिन्होंने राज्य को बर्बाद करके रख दिया। ऐसा करने के लिए कश्मीर में कमल खिलना जरूरी है।पीएम मोदी ने कटरा रैली में कहा कि हमारा ये क्षेत्र हमारी आस्था का, हमारी संस्कृति की पहचान है, इसलिए यहां ऐसी सरकार चाहिए, जो हमारी आस्था को सम्मान दे और हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाए। कांग्रेस कुछ मतों के लिए हमारी आस्था और संस्कृति को कभी भी दाव पर लगा सकती है।कटरा रैली में पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम दिल और दिल्ली की दूरी को मिटा रहे हैं। ये चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। नए जम्मू कश्मीर को और बुलंद बनाने के लिए है। कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के जिन तीन खानदानों ने इस क्षेत्र को सालों-साल घाव दिए, उनकी राजनीतिक विरासत का सूर्य आपको अस्त करना ही होगा। इसके लिए आपको कमल के निशान को चुनना होगा। ये भाजपा ही है जो आपके हितों को प्राथमिकता देती है। ये भाजपा ही है जिसने आपके साथ दशकों से चले आ रहे भेदभाव को खत्म किया है।

## अखिलेश का तंज, बोले- मेरी और योगी जी की तस्वीर सामने रखकर देख लो पता चल जाएगा मठाधीश कौन है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने किसी साधु-संत के बारे में कुछ नहीं कहा है। जो क्रोधी होगा वो योगी कैसे हो सकता है? हमारे मुख्यमंत्री मठाधीश हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर बात छिपाना चाहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान अलग आ रहे हैं। मैंने कभी भी किसी साधु-संत के लिए कुछ नहीं कहा है। जिसे क्रोध आता है वो योगी कैसे हो सकता है। इसलिए मैं कहता हूं कि हमारे सीएम मठाधीश मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि मेरी और योगी जी की तस्वीर सामने रख लो देखकर पता चल जाएगा कि मठाधीश कौन है।अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा कार्यालय पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि अभी तो महिला आरक्षण को लेकर भी प्रस्ताव पेश किया था वो कब से लागू करने जा रहे हैं। 18,626 पन्नों की रिपोर्ट को 191 दिनों में तैयार किया गया है। इससे पता चलता है कि इन लोगों ने किस तरह की चर्चा की होगी। उन्होंने कहा कि ये भाजपा का प्रस्ताव है जिसका मकसद वन नेशन, वन इलेक्शन और वन डोनेशन है। अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को भेड़ियों के हमले से परेशान जिलों के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से ही जानवरों का आतंक बढ़ रहा है।

चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यूपी में जानवरों की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा था कि पूरा रोडमैप तैयार है लेकिन अब हमले बढ़ गए हैं। जंगल के आसपास के जिलों में हमले बढ़ गए हैं। अब गीदड़ और भेड़िए से बहराइच और आसपास के जिलों के लोग खौफ में हैं। उन्होंने योगी सरकार पर गरीबों से भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि जानवरों के हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये और घायलों को पांच लाख रुपये दिए जाएं। जानवरों की समस्या से निपटने के लिए एसटीएफ बनाई जाए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट के लिए जारी किए गए अरबों रुपये कहां गए। भेड़ियों को नहीं पकड़ पा रहे तो एसटीएफ को ठोकने के लिए कह दिया जाए। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यंत्री योगी एकमात्र ऐसे सीएम हैं जिन्होंने अपने ऊपर लगे मुकदमे वापस ले लिए हैं। आखिर उन्होंने अभी तक टॉप टेन माफियाओं की सूची क्यों नहीं जारी की है? भेड़िया के हमलों से पीड़ित लोगों से मिले- समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बहराइच में भेड़िए के आतंक से घायल हुए और मृतकों के परिजनों से अखिलेश यादव ने मुलाकात की। उन्होंने घायलों को 25 हजार रुपये व मृतकों के परिजनों को 50000 रुपये का चेक देकर आर्थिक सहायता की।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने एक देश-एक चुनाव प्रस्ताव का किया समर्थन, बोलीं- इसका उद्देश्य जनहित होना चाहिए

बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ उपचुनाव सहित कई मुद्दों को लेकर बैठक की। उन्होंने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार का समर्थन किया है।बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्रीय कैबिनेट के %एक देश-एक चुनाव% के मंजूर किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव पर बसपा का स्टैंड सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित होना जरूरी है। बसपा ने ये बयान पार्टी की लखनऊ में आयोजित बैठक के बाद जारी किया। बसपा ने बृहस्पतिवार को पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और उपचुनाव की समीक्षा करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा के लिए लखनऊ में बैठक बुलाई जिसमें पार्टी की राज्य इकाई के छोटे-बड़े सभी पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष शामिल हुए।मायावती ने बैठक में कहा कि भाजपा सरकार व विपक्षी पार्टियों के बीच जनहित व जनकल्याण के ज्वलंत मुद्दों को लेने की बजाय केवल जातिवादी, सांप्रदायिक व जाति-बिरादरी आधारित राजनीति की जा रही है ऐसे में बसपा को जनता के बीच मुस्तैदी से पैठ बनाने का लाभ उपचुनाव में पार्टी को मिल सकता है। बुलडोजर विध्वंस कानून के राज का प्रतीक नहीं- मायावती ने कहा कि बुलडोजर विध्वंस कानून के राज का प्रतीक नहीं है। इसके बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ी

## सीएम योगी बोले, जिन लोगों ने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचा वो जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से करोड़ों राम भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। का वातावरण बना है। आज भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने वो आज अयोध्या में जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। अयोध्या परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के बदले 1700 करोड़ रुपये आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करोड़ 74 लाख 63 हजार की कुल 83 परियोजनाओं की सौगात में बने सुरखा और विकास के माहौल का ही परिणाम है कि आज मिले हैं। अब प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। डबल इंजन है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस सपा के मुखिया और पाकिस्तान को तकलीफ होती है- मुख्यमंत्री दीपोत्सव से रामभक्तों को खुशी होती है पर इससे सिर्फ दो लोगों को। क्योंकि पाकिस्तान को पता है कि अयोध्या में जलने वाला



प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने से सुरक्षा और विकास हो रही है तो इनके सरगना को तकलीफ हो रही है।उन्होंने अयोध्या को रामभक्तों के लहू से सींचने का काम किया है में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ है बल्कि विकास का मुआवजा लोगों को दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अयोध्या को एक हजार चार देते हुए लोकार्पण व शिलान्यास किया।उन्होंने कहा कि यूपी प्रदेश में निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव की सरकार ने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी को दंगा फैलाने का अवसर मत दो। अयोध्या के दीपोत्सव से योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में हर साल होने वाले को तकलीफ होती है एक सपा के मुखिया को दूसरे पाकिस्तान एक-एक दिया मानवता के लिए कैंसर बन चुके पाकिस्तान को नेस्तनाबूत करने की सामर्थ्य भी रखता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हो रहे दीपोत्सव से सपा को इसलिए तकलीफ होती है क्योंकि ये अंधेरे में रहने के अभ्यस्त हैं क्योंकि अंधेरे में ही डकैती डालने का काम करते हैं।

## संपादकीय Editorial

### AAP's Atishi Pari (Innings)

Arvind Kejriwal resigned from the post of Chief Minister of Delhi. Now Atishi has been elected as the new Chief Minister in Aam Aadmi Party (AAP). She was unanimously elected as the leader by the legislative party, as she was Kejriwal's choice. Atishi met Lieutenant Governor VK Saxena and staked claim to form the government. As soon as Atishi takes oath as the Chief Minister and other cabinet faces, the 'Aatishi Pari' will begin in Delhi. Atishi will be the third woman Chief Minister of Delhi after BJP's Sushma Swaraj and Congress' Sheila Dixit. Sushma was the Chief Minister for only 52 days, while Sheila Dixit ruled the capital city for 15 years and 25 days. Atishi's coronation is also a short-term arrangement. If AAP wins the assembly elections for the third consecutive time, then Kejriwal will become the Chief Minister after that. Will the conditions of the Supreme Court not apply to him then? Do the scope of judicial orders also change with a new mandate? However, the agreement to make Atishi the Chief Minister has been made mentally, so despite being elected the leader of the legislative party, Atishi has clearly stated that Delhi has only one Chief Minister - Kejriwal. He is my political guru and elder brother. We have to try with full strength and unity so that the new mandate also goes to AAP and Kejriwal can once again become the Chief Minister. Atishi also said that she is happy as well as sad because Kejriwal has left the post of Chief Minister. She will take over power with a sad heart. The people of Delhi are also distressed and are crying that why did Kejriwal resign?" Political opponents and analysts may, of course, call Atishi a 'rubber stamp', 'remote control' or 'wooden slippers Chief Minister', but she is not incompetent. Atishi is highly educated and has obtained two masters degrees from Oxford University. For this, she was given different scholarships. Atishi is a leader of social consciousness and human values. She also participated in the Jal-Satyagraha. She also worked as a teacher for many years. She is the result of Anna Hazare's 'anti-corruption movement and fast'. However, Atishi emerged on the political horizon later. Even if she is considered the 'Khadaun Chief Minister', then which rare Chief Minister or Minister is there who does not follow the line set by the high command? Kejriwal has been the Chief Minister of Delhi for more than 9 years, has worked for the common man in slums and has worked as Income Tax Commissioner in the Government of India. That is, the question is of administration and experience. Apart from these, Kejriwal is the national convener of 'AAP', votes are received only on his name, if he makes some request or gives policy suggestions, how will Atishi be able to reject them? In our country, there is not so much democracy within the political parties that the high command is not cared about. The high command can snatch the 'chair' of any Chief Minister or Minister. Anyway, Atishi has become such a leader who is becoming a Chief Minister from an ordinary worker in just 12 years of politics. She has handled the responsibility of 13 departments as a minister, so she should have enough administrative experience. However, she was elected MLA for the first time and will now contest the second election. Atishi has been loyal to Kejriwal, the party and the government at every level. Kejriwal and other leaders must have tested her! She has been a vocal opponent of the BJP and the central government in the wake of the liquor scam and against sending big leaders to jail. However, now she has been given a challenging responsibility. The first challenge is to implement the scheme of Rs 1000 per woman as election and Mahila Samman Rashi. Apart from this, there are some other important schemes too, which are stuck due to Kejriwal going to jail.

## Issue: Pension, worries and middle path... Liabilities on governments increased in the last three decades, now UPS is a ray of hope

There has always been controversy in pension schemes. In such a situation, UPS, which includes the good things of both the earlier schemes, shows a ray of hope. About two years ago, eminent economist and former Vice Chairman of NITI Aayog, Dr. Arvind Panagariya, had described the promise of restoration of Old Pension Scheme (OPS) in the election manifesto by some parties as 'morally wrong' and 'sin' and said that this would increase the liability pressure on the next governments of the Center and the states. This firm view of Panagariya was also supported by former Union Finance Secretary and former CAG Rajiv Maharishi, who said that when the former Congress government of Rajasthan decided to return to OPS in 2022, it would be a financially suicidal step. The Reserve Bank of India (RBI) had also warned the states choosing OPS that it would ruin the economy in future. In this background, in view of the elections in Haryana, Jammu and Kashmir, Maharashtra and Jharkhand, the Modi government at the Center has brought Unified Pension Scheme (UPS) in place of National Pension Scheme (NPS) for its 23 lakh employees. To remove the dissatisfaction of the employees of the states, BJP ruled states can adopt it immediately or in the near future. In 2003, the Vajpayee government implemented NPS in place of OPS, which was implemented by the then BJP governments, but the employees of Congress ruled states opposed it. Prime Minister Narendra Modi said about UPS that it ensures respect and financial security of government employees. UPS reflects our commitment to ensure the future of employees. But Congress President Mallikarjun Kharge called it a U-turn of the Modi government. The Congress spokesperson also said that this work should have been done long ago, now it is being done under pressure. Also, instead of 50 percent of the basic salary, 100 percent pension should be given. In this regard, the leaders of the central employees said that now instead of politicizing this issue, the states should also implement UPS. However, he said that the option of OPS is good, but we should be practical. UPS will be implemented from April 1, 2025 and NDA (National Democratic Alliance) ruled Maharashtra has become the first state to implement it. According to top NDA officials, UPS is a mixed form of OPS and NPS, which provides both financial responsibility and security to retired employees with a modern approach. According to government data, the outstanding pension liabilities of 28 states increased by more than 43 percent in three years from March 2020 to March 2023, which is worrying, as it may lead to an economic crisis in future. Political pundits say that despite implementing OPS in Rajasthan and Chhattisgarh, the Congress could not return to power. Although the Congress government has implemented OPS in Himachal Pradesh, it has created a financial crisis in the state and it is seeking financial assistance from the Center. The then Gehlot government of Rajasthan had done the same and asked for Rs 37,000 crore from the central government, which was rejected by the Center. Montek Singh Ahluwalia, who was the Deputy Chairman of the Planning Commission in the UPA government, had also termed the implementation of OPS by the states as absurd. According to experts, pension liabilities on the central and state governments have increased over the last three decades. The estimated pension bill of the central government is estimated to be around Rs 2.53 lakh crore for 2024-25. The combined estimated pension bill for state governments is estimated to be around Rs 5.73 lakh crore in 2024-25. This represents a large part of the state budgets, with some states such as Uttar Pradesh, Maharashtra and West Bengal having particularly large pension liabilities. UPS is a model of joint contribution by both the employee and the government to the pension fund. Unlike OPS, UPS is a funded scheme. The increasing pension burden is a cause of concern as it limits development and welfare work. CAG had also highlighted the need for states and the central government to consider pension reforms, such as a shift from defined benefit to defined contribution schemes, to manage these rising costs, which are reflected in the UPS.

## Russia's 'Zuckerberg' and the secrets of Telegram: Authorities disappointed by Pavel Durov's lack of cooperation... now paying the price

Telegram founder Pavel Durov's commitment is not in doubt, but he is once again in trouble due to his anti-establishment attitude. Freedom of expression advocates are certainly in his defense, but when he has more than X users, he cannot escape the responsibility of controlling the content. More than a decade ago, when Russia pressured Pavel Durov to close the pages of opposition politicians on the Facebook-like site he created, the tech entrepreneur responded online by posting a cheeky picture of a dog wearing a hoodie with its tongue out. He wrote unapologetically, "Official response to intelligence services on request to block groups." Thirteen years later, Durov's anti-establishment tendencies have landed him in a new round of trouble with the authorities. Recently, he was arrested in France for investigation of criminal activities on Telegram. Telegram, an online communication platform he founded in 2013, has now gained global reach. French President Emmanuel Macron, referring to Durov's arrest, said the country was "deeply committed to freedom of expression" but "in a law-abiding country, freedom is upheld within the legal framework, both on social media and in real life." Durov's arrest has created a storm, making him a hero among those concerned about freedom of expression and government censorship, especially at a time when monitoring of online content has increased globally. X owner Elon Musk and Edward Snowden were among those who came forward to defend Durov. Meanwhile, the hashtag Free Pavel #FreePavel trended on X. Telegram said in a statement that it complies with EU laws. The company said, "The claim that a platform or its owner is responsible for the misuse of that platform is absurd." Telegram has long been a hotbed of Durov's anti-authoritarian ethos and his commitment to free expression. This helped make Telegram a popular chat app for people in Russia, Iran and elsewhere living under authoritarian governments. But Durov's no-police approach to the platform has also attracted terrorists, extremists, gun smugglers, scammers and drug dealers.



He says privacy is more important than strict monitoring of online expression. In a recent post, he claimed that over the past 15 years he has fathered more than 100 biological children in 12 countries as a sperm donor. But Durov's biggest priority is Telegram. In 2014, he left Russia amid growing surveillance by Russian security services and moved to Dubai, where he said the government should not interfere in his business. Since then, he has fought with Apple and major governments over control over content. Telegram has faced temporary or permanent bans in 31 countries. Durov accused the FBI of trying to hire a Telegram programmer so that the US government could access user data. The FBI did not respond to a request for comment. Born in the Soviet Union in 1984, Durov moved with his family to northern Italy at the age of four. He returned to St. Petersburg after the collapse of the Soviet Union in the early 1990s. A friend in college showed Durov an early version of Facebook, founded by Mark Zuckerberg. Inspired by this, Durov decided to create his own version. He started VK (Vkontakte) in 2006, which became popular in Russia in a few years. It also attracted the attention of the Kremlin, which sought information about its users. Durov said he began building Telegram after seeing Russian security forces around his apartment around 2011. The government eventually gave him an ultimatum to either hand over data related to VK users or leave the country. Since breaking ties with Russia, Durov has lived a nomadic life, surrounded by Telegram engineers. Former employees say he moves every few months. He has spent time in Barcelona, ??Bali, Berlin, Helsinki and San Francisco, while making Dubai Telegram's formal headquarters. Durov holds citizenship in the United Arab Emirates and France. Although he travels by private jet, he avoids buying things. He keeps hundreds of millions of dollars and bitcoin in his bank account to stay free. Bloomberg has estimated his net worth at more than $9 billion. Telegram is now approaching one billion users worldwide, making it bigger than X. As Telegram's use grew, Durov's light-hearted approach to policing content came under fire. Policymakers, law enforcement and security researchers said the app had become a hotbed of misinformation, terrorist propaganda, right-wing extremism, drug dealing, child pornography and arms sales. For years, Durov has slammed Silicon Valley's own tycoon, calling it a "fair use" for its content.Having largely avoided public scrutiny like peers Zuckerberg, Google's Sundar Pichai and TikTok's Shu Chu have been called to testify before the US Congress, Durov and his engineers have maintained and updated Telegram on the go. At one point, they released an update to one of their products while on a boat off the coast of Southeast Asia. However, Telegram has removed some content over the years, such as child sexual abuse material or posts intended to incite violence. But authorities have always been frustrated by Durov's lack of cooperation, and Durov is now paying the price for it.

# मुरादाबाद में पांच दोस्तों की मौत, परिजन बोले- सभी ने एक बैठकर पी थी शराब, अब पुलिस कर रही जांच

मुरादाबाद में पांच दोस्तों की मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि सभी ने एक साथ शराब पी थी। सभी लोगों ने अलग-अलग दिन दम तोड़ा। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।मुरादाबाद में पांच दोस्तों की मौत हो गई। सभी ने अलग- अगल दिन दम तोड़ा। इससे मोहल्ले में कोहराम मच गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी ने भी पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। सूत्रों के अनुसार आर्दश कॉलोनी निवासी पांच लोगों ने एक साथ शराब पी थी। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। सभी की मौत सोमवार से लेकर बृहस्पितवार के बीच में हुई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।आनन-फानन पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि पांचों ने कहां और किस जगह शराब का सेवन किया था।



किसान की हो चुकी है मौत- इससे पहले 16 जनवरी को मूंढापांडे घौडा निवासी किसान राजवीर सिंह ( 40 ) की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई थी। वह खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। भाई मिलाप सिंह ने बताया था कि खाना खाने से पहले राजवीर गांव के किसी व्यक्ति से शराब लेकर आया था। शराब पीने के बाद उनकी तबियत खराब हो गई। उल्टी आ रही थी। परिवार के लोग डॉक्टर के पास लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे, इससे पहले उनकी मौत हो गई। कच्ची शराब बेचने वाले पुलिसकर्मियों पर कर चुके हमला- कांठ क्षेत्र के उमरी कलां डेरा में मार्च माह में कच्ची शराब बिकने की सूचना पर गए सिपाही विजय कुमार और सर्वेश कुमार पर शराब तस्कर के परिवार ने लोहे के पाइप और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया था। हमले में दोनों सिपाही घायल हो गए थे। कांठ थाने की उमरी कलां डेहरा चौकी पर तैनात सिपाही विजय कुमार रात को साथी सिपाही सर्वेश कुमार के साथ बाइक से कच्ची शराब बिकने की सूचना पर गांव में गए थे। सिपाहियों की बाइक एक आरोपी के मकान के सामने पहुंची। इसी दौरान पहले से घात लगाए आरोपियों ने सिपाहियों को घेर लिया। लोहे के पाइपों और धारदार हथियारों से दोनों पर हमला कर दिया। आरोपी दोनों सिपाहियों को घर के अंदर खींचकर ले गए और जमकर पीटा। जिसमें दोनों सिपाही घायल हो गए।

# सात महीने से 80 साल की वृद्धा को सचिव लगवा रहा था चक्कर, बुजुर्ग महिला धरने पर बैठी

## परिवार रजिस्टर की वृद्धा ने मांगी थी नकल, 700 रुपये लिए फिर भी लगवाए चक्कर

मुरादाबाद -डिलारी ब्लॉक के सचिव पिछले सात महीने से बजुर्ग महिला को परिवार रजिस्टर की नकल के लिए टहला रहा है। सात महीने बाद तक महिला को परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिली तो अपने बेटे के साथ विकास भवन परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मांग पूरी नहीं होने पर महिला ने आमरण अनशन की चेतावनी दी है। दरअसल डिलारी ब्लॉक के गांव कुरी की रहने वाली 80 वर्षीय वीरवती पत्नी रामचरण सिंह सात महीने पहले ग्राम सचिव धर्मपाल से परिवार रजिस्टर की नकल मांगी थी। आरोप है कि नकल के एवज में सचिव धर्मपाल ने बुजुर्ग महिला से 700 रूपये भी ले लिए। सात महीने तक बुजुर्ग वीरवती कार्यालय के चक्कर काट काटकर परेशान हो गईं लेकिन उन्हें नकल नहीं प्राप्त हुई। गुरुवार को उन्होंने विकास भवन परिसर में ही धरना शुरू कर दिया। शारीरिक रूप से कमजोर वृद्धा को जमीन पर ही लेटकर घंटों धरने के जरिए अपनी बात रखनी पड़ी। हैरानी की बात ये कि धरने पर बैठी महिला और उसके बेटे से विकास भवन के किसी अधिकारी ने उनकी समस्या पूछने तक की जहमत नहीं उठाई। महिला का आरोप है की सचिव ने परिवार रजिस्टर की नकल देने के बदले में हजारों रुपए की मांग की थी। इससे पहले वह डिलारी ब्लॉक परिसर में भी धरना कर चुकी हैं। बजुर्ग महिला ने कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिली तो शुक्रवार से आमरण अनशन पर चली जाएंगी।



# सर तन से जुदा के लगाए थे नारे, मुकदमा दर्ज हुआ तो एसएसपी से मिले उलमा, बताया नौजवानों की नादानी

## जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान लगाए गए थे भड़काऊ नारे, पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

मुरादाबाद -तीन दिन पहले बिलारी थाना क्षेत्र में जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान कुछ युवकों ने %गुस्ताखे रसूल के लिए सजा, सर तन से जुदा% जैसे भड़काऊ नारे लगाए थे। जिसको लेकर हिन्दू संगठनों ने कोतवाली पहुचकर भड़काऊ भाषण देने वालो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। भड़काऊ नारे लगाने वाले युवकों के समर्थन में अब मुरादाबाद के शहर इमाम आ गए। उन्होंने एक दर्जन के करीब उलमा के साथ एसएसपी से मुलाकात की और मुकदमा खत्म करने की मांग की। दरअसल ईद मिलादुन्नबी के दिन मुरादाबाद शहर के अलावा जिले की सभी तहसीलों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया था। बिलारी थाना क्षेत्र में भी जुलूस निकाला गया था। जुलूस में शामिल कुछ युवकों ने गुस्ताखे रसूल के लिए सजा सर तन से जुदा जैसे भड़काऊ नारे लगाए थे। जुलूस में चल रहे पुलिसकर्मियों ने उन युवकों को तुरंत रोका भी था। साथ ही उन्हें थाने ले जाने लगे, लेकिन जुलूस में चल रहे कई बुजर्गो ने गलती मानते हुए युवकों को छुड़ा लिया। भड़काऊ नारों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। जिसके बाद हिन्दू संगठनों ने बिलारी कोतवाली पहुचकर इन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। गुरुवार को मुरादाबाद जनपद के करीब एक दर्जन उलमा मुरादाबाद शहर इमाम सैयद मासूम अली के नेतृत्व में एसएसपी सतपाल अंतिल से मिले। मौलाना हसन रजा स्टेट प्रेसिडेंड आल इंडिया तंजीम ने एसएसपी से कहा कि भड़काऊ नारे लगाने वाले युवक मासूम हैं। भविष्य में ये क्या कोई भी किसी भी जुलूस और जलसे में इस तरह के नारे नहीं लगाएंगे। लिहाजा दर्ज किया गया मुकदमा वापस लिया जाए। एसएसपी ने दिया आश्वासन, साथ ही नसीहत भी की- एसएसपी सतपाल अंतिल ने भी कहा कि आप अपने बच्चों को यह सिखाएं कि इस तरह के नारे लगाने से माहौल खराब होता है। एसएसपी ने मौलाना को आश्वसन दिया कि युवकों के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज किया गया है उसे वापस ले लिया जाएगा। लेकिन भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा हुई तो सख्त कार्रवाई होगी।



# दो पैन कार्ड केस: आजम खां और अब्दुल्ला पर कोर्ट ने लगाया हर्जाना, जमा किए दस हजार, अब 20 को सुनवाई

मुरादाबाद -रामपुर की एक कोर्ट में अब्दुल्ला आजम से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में सुनवाई है। कोर्ट ने पिता और पुत्र ( आजम खां व अब्दुल्ला ) पर दस हजार का हर्जाना लगाया। अब इस मामले की सुनवाई 20 को होगी। जेल में बंद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने 10 हजार रुपये का हर्जाना कोर्ट में जमा कर दिया। गवाह बुलाने की मांग के प्रार्थनापत्र को खारिज करते हुए कोर्ट ने उन पर 10 हजार रुपये का हर्जाना लगाया था। अब इस मामले की सुनवाई 20 सितंबर को होगी।सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ वर्ष 2019 में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। उनका आरोप है कि सपा नेता आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड बनवाए और इनका इस्तेमाल चुनाव के दौरान किया।पुलिस ने मामले की तफ्तीश करने के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सपा नेता आजम खां के विरोधी पूर्व मंत्री काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर अपनी गवाही देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अब्दुल्ला की ओर से नवेद मियां के प्रार्थनापत्र पर आपत्ति दाखिल की गई थी। वहीं दूसरी ओर अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता की ओर से विवेचक गवाह प्रवीण कटियार को कोर्ट में दोबारा बुलाने के लिए प्रार्थनापत्र दिया गया था। जिस पर नौ सितंबर को कोर्ट ने सपा नेता आजम खां व अब्दुल्ला द्वारा लगाए गए प्रार्थनापत्र को खारिज करते हुए 10 हजार रुपये का हर्जाना लगाया दिया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां व अब्दुल्ला आजम ने कोर्ट में बुधवार को दस हजार रुपये का हर्जाना जमा कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ननदोई ने किया दुष्कर्म तो पति बोला- तलाक, तलाक, तलाक...पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

मुरादाबाद -ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की महिला से ननदोई ने चाकू के बल पर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की शिकायत सऊदी अरब में बैठे पति से की। पति ने सऊदी अरब से फोन पर तलाक...तलाक...तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। इसके बाद ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी कार्यालय पहुंची ठाकुरद्वारा कॉलोनी निवासी महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि चार साल पहले उसकी शादी बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के मुकरपुरी निवासी जकी अहमद से हुई थी। पीड़िता के परिजनों ने शादी में नकदी समेत 15 लाख रुपये का दहेज दिया था। विवाह के कुछ समय बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये व एक कार की मांग करने लगे। विरोध करने पर प्रताड़ित करते थे। इसी दौरान शादी के एक साल बाद पति जकी अहमद नौकरी करने के लिए सऊदी अरब चला गया। आरोप है कि इसी बीच एक दिन मौका पाकर ननदोई फिरोज अहमद उसके कमरे में घुस आया। चाकू के बल पर उसने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की शिकायत ससुरालीजनों से की तो सभी ने उल्टा धमकाकर शांत करा दिया। आरोप है कि जेठ ने भी राइफल के दम पर उसके साथ अश्लील हरकत की है। विरोध करने पर बीती 21 जुलाई को ससुरालियों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत सऊदी अरब मे बैठे पति से की। पति भी फोन पर उसे धमकाने लगा। फिर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। पीड़िता निराश होकर मायके चली गई। मामले में पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लागई है।

### मुरादाबादियों को रास आई लखनऊ की फ्लाइट: कानपुर के लिए दशहरे तक शुरू होगी उड़ान, देहरादून-गाजियाबाद भी जल्द

मुरादाबाद -मुरादाबाद से लखनऊ के लिए हवाई सेवा शुरू होने के बाद अब कानपुर के लिए उड़ान सुचारु करने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दशहरे तक मुरादाबाद से कानपुर की फ्लाइट शुरू हो जाएगी। इकसे बाद देहरादून के लिए भी सेवाएं शुरू होंगी।मुरादाबाद के लोगों को लखनऊ की फ्लाइट खूब रास आ रही है। इसका कारण महज सवा घंटे में 355 किमी की दूरी तय करना है। लोगों की रुचि को देखते हुए अब फ्लाई बिग कंपनी कानपुर, देहरादून व गाजियाबाद की फ्लाइट शुरू करने की तैयारी में जुट गई है।अधिकारियों का दावा है कि दशहरे तक मुरादाबाद से कानपुर की फ्लाइट शुरू हो जाएगी। एक ही समय पर मुरादाबाद एयरपोर्ट पर तीन विमान खड़े नजर आएंगे। कानपुर के कुछ दिन बाद ही देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के लिए सेवाएं शुरू होंगी। विज्ञापनफिलहाल सप्ताह में तीन दिन मुरादाबाद से लखनऊ के लिए विमान उड़ान भरता है। मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को सुबह 9ः35 बजे 19 सीटर विमान लखनऊ के लिए उड़ान भरता है। इसका बेस फेयर 999 रुपये है, जबकि टैक्स लगाकर किराया 1348 रुपये हो जाता है। इसके बाद जिस तरह सीटें भरती हैं, उसी तरह किराया बढ़ता जाता है। शुरुआती तीन-चार सीटों के बाद किराया 2148 व अंतिम तीन सीटों के लिए 3000 तक पहुंच जाता है। वर्तमान में 15 दिन बाद तक मुरादाबाद से लखनऊ के लिए अच्छी खासी बुकिंग है। हर फ्लाइट में सिर्फ एक या दो सीटें ही खाली प्रदर्शित हो रही हैं। हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया हुई तेज - हवाई अड्डे को विस्तार देने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। जिला प्रशासन लगातार मूंढापांडे के किसानों से सहमति पत्र ले रहा है। करीब 500 हेक्टेयर जमीन पर नए टर्मिनल भवन बनाए जाएंगे। 10 मार्च को हवाई अड्डे के उद्घाटन के समय तत्कालीन प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने दावा किया था कि यहां से दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू, चेन्नई समेत सभी बड़े शहरों के लिए फ्लाइट शुरू होगी। फिलहाल फ्लाई बिग कंपनी 500 किमी तक की दूरी को कवर करने का प्रयास कर रही है।लखनऊ की फ्लाइट को लोगों को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अब बहुत जल्द कानपुर व देहरादून की फ्लाइट शुरू करने की योजना है। दशहरे तक इन दोनों स्थानों में से जहां के लिए अनुमति मिल जाएगी, वहां की फ्लाइट शुरू कर दी जाएगी। - शिवानी जैन, ऑपरेशनल जीएम, फ्लाई बिग

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# माफिया अनुपम दुबे के गुर्गों से व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। राजीव गांधी नगर निवासी व्यापारी पवन कटियार ने कुख्यात माफिया अनुपम दुबे के करीबी गुर्गों द्वारा मिल रही जान से मारने की धमकियों से परेशान होकर मुख्यमंत्री समेत शासन के उच्चाधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है। पवन कटियार ने पुलिस अधिकारियों को भेजे अपने प्रार्थना पत्र में माफिया अनुपम दुबे के गुर्गे अनूप सिंह राठौर उर्फ रच्छू ठाकुर और उसके गैंग पर आरोप लगाया है कि वे उनसे रंगदारी की मांग कर रहे हैं और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। कटियार ने बताया कि अनूप सिंह राठौर, जो कि मोहम्मदाबाद का रहने वाला है और वर्तमान में जेएनवी रोड, फतेहगढ़ में रहता है, अपने साथियों के साथ मिलकर जबरदस्ती उनकी नेलपुर कलां, तहसील सदर स्थित जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इतना ही नहीं, इसी जमीन से सटे सरकारी तालाब ( गाटा संख्या 79 ) को भी कब्जा कर बेचने की कोशिश की जा रही है। जब पवन कटियार ने इसका विरोध किया, तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियाँ दी गईं। रंगदारी के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा इस संबंध में फतेहगढ़ कोतवाली में एसपी के आदेश पर मुकदमा संख्या 276/2024 भारतीय दंड संहिता की धारा 191( 2 ), 308( 5 ), 324( 4 ), 351( 2 ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, पवन कटियार का आरोप है कि पुलिस से मिलीभगत के चलते रंगदारी की धारा को हटा दिया गया है, जिससे अब उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियाँ मिल रही हैं। पत्रकार को भी मिली धमकियां पवन कटियार ने बताया कि जब उन्होंने अपनी बात को दैनिक यूथ इंडिया अखबार के माध्यम से उजागर किया, तो अखबार के मालिक शरद कटियार को भी धमकियाँ मिलने लगीं। सोशल मीडिया पर शरद कटियार के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।भूमाफिया प्रवृत्ति का है रच्छू ठाकुर पवन कटियार के अनुसार, रच्छू ठाकुर भूमाफिया प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसने कई लोगों को ठगकर करोड़ों रुपये की ठगी की है और माफिया अनुपम दुबे को लाभ पहुंचाया है। यहां तक कि रच्छू ठाकुर जेल में बंद अनुपम दुबे को फंडिंग भी कर रहा है। पवन कटियार ने शासन सहित मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उन्हें और उनके परिवार को इस माफिया गैंग से सुरक्षा प्रदान की जाए और उचित कार्रवाई की जाए। इस घटना से शहर में चर्चा का माहौल व्यापारी पवन कटियार द्वारा कुख्यात माफिया गैंग से मिल रही धमकियों की यह घटना शहर में चर्चा का विषय बन गई है। प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग उठ रही है ताकि व्यापारियों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# नरौरा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से बाढ़ का खतरा बढ़ा

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद/शमसाबाद ।नरोरा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इस बार से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां अधिकांश गांव में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों की जिंदगी तबाही के कगार पर है। आवागमन को लेकर भी दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। कहीं पर लोग नाव से तो कहीं पानी में घुसकर निकल रहे हैं। प्रशासन की ओर से बराबर निगरानी की जा रही है। वही शमशाबाद क्षेत्र के पैलानी दक्षिण गांव में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। एक दर्जन से अधिक गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोग परेशान हैं। शाहजहांपुर का जो मार्ग गया हुआ है, चौरा गांव के पास कमर से पानी



चलने लगा है। इसके बाद भी लोग आवागमन कर रहे हैं। पुलिस ने बड़े हुए जलस्तर को देखते हुए आवागमन बंद कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद भी लोग नहीं मान रहे हैं। ट्रैक्टर और बैलगाड़ी के टायर पुलिस ने पंचर किए थे। और हिदायत भी दी थी। उसके बाद भी यहां लोग नहीं माने और जान जोखिम में डालकर बराबर निकल रहे हैं। जबकि यहां पर स्टीमर एवं नाव है। पुलिस ने बेरी कैटरिंग लगाकर आवागवन बंद कराया है। एक बैंक कर्मी की कार बाढ़ के पानी में फंस गई। जिसे बड़ी मुश्किल से निकलवाया गया। गंगा में पानी का उफॉन आने से यहां के लोगों में बेचैनी बढ़ गई है।

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव: सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र... बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए

मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहते हुए विकास कार्यों की जानकारी दीजिए।मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधकारियों संग बैठक की। सीएम ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए। सीएम ने मंडल स्तर के



पदाधिकारियों से भी सांगठनिक रिपोर्ट ली और कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत कीजिए। हर बूथ पर जीत निर्धारित करनी है सीएम योगी ने कहा कि हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस ( 25 सितंबर ) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं।30 सितंबर तक करा लिए जाएं सम्मेलन- कार्यकर्ताओं से संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगठन की योजना के अनुसार किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गों के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक सभी प्रकोष्ठों, विभागों की बैठक तथा सभी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित हों। इसके उपरांत सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाए। जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद- बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगी सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कोरी, राघवेंद्र पांडेय, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल सहित मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ व विभाग के संयोजक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा के जलस्तर में 15 सेंटीमीटर, रामगंगा नदी के जलस्तर में 20 सेंटीमीटर की आई उछाल

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद /अमृतपुर। गंगा व रामगंगा में आई बाढ़ ने अब तबाही मचानी शुरू कर दी है जिसके कारण 60 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं चार दर्जन से अधिक संपर्क मार्गों पर कई फीट से अधिक पानी चल रहा है। गंगा नदी के जलस्तर में आज खतरे के निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर बहने लगी है जिसके कारण बाढ़ का संकट नजर आ रहा है। माखन नगला, राम प्रसाद नगला, कालिका नगला,पंचम नगला, नगला रोशन नगला, करनपुर घाट ,कुडरी सारंगपुर,मंझा,बनारसीपुर कनकापुर रामपुर जोगराजपुर, बमियारी, मड़ैया, तौफीक,सारंगपुर करनपुर घाट, बनारसीपुर फखरपुर माखन नगला कालिका नगला,समेत 40 से अधिक गांवों पर बाढ़ का संकट मंडराने लगा है राहगीर जान जोखिम में आवागमन कर रहे हैं लगा दी गई है। बाढ़ से प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की संभव प्रयास करने में जुटा कितने गांवों की फसलें हुई गुलरिया भावन, रुलापुर, मोकुलपुर, चिडिया आज गांव की फसल है गांव में पानी भी जाना शुरू नदी की तबाही, में कौन से पानी गंगा रामगंगा नदी में के कारण अब विकराल है जिसके कारण राम मार्ग, पूर्वी सारगपुर समेत 40 से मार्गों पर कई फीट पानी बाढ़ के पानी से कई संपर्क





जिसके कारण ग्रामीण व डालकर पानी से प्रशासन के द्वारा नावें भी निपटने के लिए तहसील मदद करने के लिए हर है। रामगंगा की बाढ़ से प्रभावित-हीरानगर, गुडेरा, अमैयापुर ,खाखिन, महोलिया, सिकंदरपुर, प्रभावित हुई है तथा कई हो गया है। गंगा व रामगंगा संपर्क मार्गों पर चल रहा लगातार छोड़े जा रहे हैं पानी रूप दिखाना शुरू कर दिया अमैयापुर,खाखिन संपर्क गौंटिया,फकरपुर,कुडरी अधिक गांवों के सम्पर्क चल रहा है। गंगा नदी की मार्ग कटे हमीरपुर माखन नगला संपर्क मार्ग पानी की तेज धार होने के कारण कितना शुरू हो गया है। जिसके कारण राम प्रसाद नगला कालिका नगला आदि गांव का संपर्क मार्ग बंद होने की कगार पर है। प्रशासन के द्वारा अभिनव की व्यवस्था नहीं की गई है। रामगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण कहा की गई पीएसी तैनात रामगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण अमैयापुर संपर्क मार्ग पर कई फीट से अधिक पानी चल रहा है जिसके कारण प्रशासन ने अनहोनी को देखते हुए पीएसी की बटालियन राम प्रकाश कमांडर के नेतृत्व में लगा दी गई है। जो राहगीरों को रास्ता पर करवा रही है। दूसरी तरफ थाना अध्यक्ष मिनैश पचौरी ने बाढ़ क्षेत्र का मोटर वोट पर बैठकर निरीक्षण किया बाढ़ पीड़ितों से हाल-चाल जानकर हर संभव मदद देने की बात कही। गंगा व रामगंगा नदी में कितना छोड़ा गया पानी सुबह 8 बजे गंगा नदी में 115180 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे गंगा नदी का जलस्तर मे 15 सेंटीमीटर की की ऊछाल देखी गई है। गंगा नदी इस समय 137.25 सेन्टीमीटर पर बह रही है। रामगंगा नदी में आज सुबह खो बैराज से7753 हरेली बैराज से 312 रामनगर बैराज से 4731 टोटल 12796 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे रामगंगा का जलस्तर बढक़र 137.30 पर पहुंच गया अब रामगंगा के जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर पर बह

# नए प्रभारी का स्वागत और पूर्व प्रभारी की भावभीनी विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच-अमरीक सिंह

बहराइच- जनपद बहराइच के मटेरा थाने में रहे प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी , जिन्हें कोतवाली देहात का कमान सौंपा गया है। और, सलार गंज चौकी प्रभारी को मटेरा थाना प्रभारी बनाया गया था। इस मौके पर क्षेत्र के लोगो ने बडी संख्या में थाना पर पहुंचकर पूर्व थाना प्रभारी के ट्रांसफर पर क्षेत्र के लोगों ने भव्य बिदाई कार्यक्रम आयोजित किया, जहां बड़ी संख्या में लोग माल्यार्पण कर नए प्रभारी का स्वागत किया और पूर्व प्रभारी को भावुक होकर विदाई दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के



आमनगरिक के साथ, स्थानीय नेता, और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व प्रभारी ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और नए प्रभारी को शुभकामनाएं दीं। नए प्रभारी ने कहा कि वे क्षेत्र की सुरक्षा और विकास के लिए काम करेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने नए प्रभारी को बधाई दी और उन्हें अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने भी नए प्रभारी को शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल में सफलता की कामना की।

# जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने आज डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में एस.एन. साध ट्रस्ट द्वारा आयोजित निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह शिविर 19



